भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 454
15 सितम्बर, 2020 को उत्तर देने के लिए

पश्चिम बंगाल में फूड पार्क

454. श्री निशीथ प्रामाणिकः

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या गत एक वर्ष के दौरान पश्चिम बंगाल राज्य में किसी नए फूड पार्क की मंजूरी दी गई है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) और (ख): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय मेगा फूड पार्क स्कीम (एमएफपीएस) कार्यान्वित कर रहा है जो प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) योजना की अम्ब्रेला स्कीम की एक उप-स्कीम है। गत एक वर्ष के दौरान पश्चिम बंगाल राज्य में किसी भी नई मेगा फूड पार्क परियोजना को अंतिम अनुमोदन नहीं दिया गया है।

*****